रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

Test Date	24/06/2025
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB NTPC Graduate Level I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

Q.1 यदि $91 \div 13 \times 3^2 - 18 \times 14 \div 2 + 11 = z$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. -48
✗ 2. -51
✗ 3. -49
✓ 4. -52

Q.2 67वें GBM के दौरान, 2025-26 के कार्यकाल के लिए एशियन प्रोडक्टिविटी ऑर्गेनाइजेशन (Asian Productivity Organization - APO) के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया?

Ans
✗ 1. अगुंग नूर रोहमद
✓ 2. अमरदीप सिंह भाटिया
✗ 3. जोन मैरिटिनो नेमानी
✗ 4. डॉ. इंद्रा प्रदाना सिंगविनाटा

Q.3 जनवरी 2025 में, इसरो (ISRO) के 2025 के आगामी मिशनों पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता किसने की?

Ans
✗ 1. पवन कुमार गोयनका
✓ 2. डॉ. जितेंद्र सिंह
✗ 3. डॉ. वी. नारायणन
✗ 4. डॉ. एस. सोमनाथ

Q.4 14 cm त्रिज्या वाले एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✗ 1. 2462
✗ 2. 2467
✓ 3. 2464
✗ 4. 2465

Q.5 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएं) # 8 2 * 3 & % # £ 2 € 3 5 @ 3 5 * & % @ 3 € (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 5
✓ 2. 3
✗ 3. 2
✗ 4. 7

Q.6 संतुलित आहार के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
✗ 1. ऊर्जा के लिए इसमें मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट शामिल होते हैं।
✗ 2. इसमें केवल फल और सब्जियां शामिल होती हैं।
✓ 3. इसमें सभी पोषक तत्व उचित अनुपात में होते हैं।
✗ 4. रोगों से बचाव के लिए इसमें वसा को शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

Q.7 संख्या 1673459 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✗ 1. एक
✗ 2. एक भी नहीं
✓ 3. दो
✗ 4. तीन

Q.8 निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदलना चाहिए?
(नोट: पूरी संख्या को आपस में बदलना चाहिए, न कि किसी दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों को।)

4 × (56 − 20) + (28 ÷ 7) × 5 − 17 = 55

Ans
✓ 1. 56 और 28
✗ 2. 20 और 17
✗ 3. 4 और 7
✗ 4. 4 और 5

Q.9 श्री HIJ बिंदु A से शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 21 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 19 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 26 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 19 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 2 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 4 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में दाएं मुड़ते हैं, 3 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं)

Ans
✓ 1. पश्चिम में 4 km
✗ 2. दक्षिण में 5 km
✗ 3. पूर्व में 7 km
✗ 4. उत्तर में 6 km

Q.10 रति शहर A से शहर B तक यात्रा करती है। यदि रति अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{1}{3}$ चाल से चलाती है, तो वह शहर B, 50 मिनट की देरी से पहुंचती है। यदि रति अपनी सामान्य चाल से कार चलाए, तो उसे शहर A से शहर B तक जाने में लगने वाला समय (मिनट में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 26
✓ 2. 25
✗ 3. 34
✗ 4. 35

Q.11 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{1}{\left(\frac{7}{8}\right)+\left(\frac{4}{6}\right)} \div \frac{6}{29}$$

Ans

✗ 1. $3\frac{1}{37}$

✗ 2. $3\frac{10}{37}$

✗ 3. $3\frac{13}{37}$

✓ 4. $3\frac{5}{37}$

Q.12 सात व्यक्ति A, B, C, D, Q, R और S उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। A और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R, B के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। D के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। D और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, S के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। Q और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

✓ 1. दो

✗ 2. एक

✗ 3. तीन

✗ 4. चार

Q.13 निम्नलिखित में से किस शहर ने, नवंबर 2024 में यूरोपीयन पॉलिटिकल कम्युनिटी समिट (European Political Community Summit) की मेजबानी की?

Ans

✓ 1. बुडापेस्ट (Budapest)

✗ 2. वियना (Vienna)

✗ 3. ब्रसेल्स (Brussels)

✗ 4. प्राग (Prague)

Q.14 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी जानवर, हिरण हैं।
सभी जानवर, भालू हैं।
सभी जानवर, गाय हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी हिरण, गाय हैं।
(II) कुछ गाय, भालू हैं।

Ans

✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.15 8 संख्याओं का औसत 16 है। इनमें से 6 संख्याओं का औसत 16 है। शेष दो संख्याओं का औसत कितना है?

Ans

✗ 1. 15

✗ 2. 18

✓ 3. 16

✗ 4. 17

Q.16 एक पाइप एक टैंक को 12 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरे हुए टैंक को 24 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक का दो-तिहाई भाग भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 48
✗ 2. 32
✓ 3. 16
✗ 4. 64

Q.17 हर्षवर्धन किस प्राचीन क्षेत्र से संबंधित थे?

Ans
✓ 1. थानेसर
✗ 2. आगरा
✗ 3. मालवा
✗ 4. मगध

Q.18 एमएस पावरपॉइंट 2019 इंटरफ़ेस में, वर्तमान प्रेजेंटेशन में परिवर्तनों को त्वरित रूप से सेव करने के लिए, निम्नलिखित में से किस आइकन पर क्लिक करना चाहिए?

Ans
✗ 1.
✗ 2.
✓ 3.
✗ 4.

Q.19 यदि संख्या 8315476 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सा अंक दायें से तीसरा होगा?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 8
✓ 3. 2
✗ 4. 4

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LIP NKR PMT ROV ?

Ans
✗ 1. TRY
✗ 2. TRX
✓ 3. TQX
✗ 4. TQY

Q.21 12 एक निश्चित तर्क के अनुसार 8 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 56 , 52 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 49 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ 1. 36
✓ 2. 45
✗ 3. 50
✗ 4. 40

Q.22 2024 में शुरू की गई वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ONOS) योजना से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कथन 1: ONOS योजना का उद्देश्य समस्त भारत के शोध संस्थानों के लिए 13,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं तक डिजिटल पहुँच प्रदान करना है।
कथन 2: INFLIBNET (सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क) इन जर्नलों के सदस्यता शुल्क से संबंधित वित्तीय लेनदेन के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है।

Ans
✔ 1. केवल 1
✘ 2. न तो 1 और न ही 2
✘ 3. 1 और 2 दोनों
✘ 4. केवल 2

Q.23 $x^2 + (2a + 3)x + (a^2 + 3a) = 0$ के मूल ज्ञात करें।

Ans
✘ 1. $x = 2a, a + 3$
✘ 2. $x = a, a + 3$
✘ 3. $x = -a, a + 3$
✔ 4. $x = -a, -a - 3$

Q.24 जब 4% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के लिए वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹152 है, तो मूलधन ₹_____ है।

Ans
✘ 1. 31,670
✘ 2. 32,450
✘ 3. 30,675
✔ 4. 31,250

Q.25 D, E, F, H, I, J और K एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाएं से गिनने पर E और J के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। J और F के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। E और I के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। D, K के तुरंत बाएं बैठा है। H के बाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✘ 1. E
✘ 2. D
✔ 3. K
✘ 4. I

Q.26 रियासतों में एंग्लो-इंडियन नौकरशाहों के लिए क्या शब्द था?

Ans
✘ 1. मुल्की
✔ 2. गैर-मुल्की
✘ 3. जागीरदार
✘ 4. ज़मींदार

Q.27 किस प्रकार के विधायी विधेयकों को भारत के राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही लोकसभा में पेश किया जाना चाहिए?

Ans
✘ 1. निजी विधेयक
✔ 2. धन विधेयक
✘ 3. सार्वजनिक विधेयक
✘ 4. साधारण विधेयक

Q.28 यदि संख्या 7156423 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✔ 1. दो
✘ 2. एक
✘ 3. तीन
✘ 4. एक बार भी नहीं

Q.29 5 छात्रों का औसत वजन 60 kg है। एक नए छात्र के समूह में शामिल होने के बाद, औसत वजन 62 kg हो जाता है। नए छात्र का वजन कितना है?

Ans
✔ 1. 72 kg
✘ 2. 68 kg
✘ 3. 70 kg
✘ 4. 62 kg

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सा, तापमापीय गुणधर्म नहीं है?

Ans
✔ 1. पदार्थ का रंग
✘ 2. विद्युत प्रतिरोध
✘ 3. धातु की छड़ की लंबाई
✘ 4. गैस का दाब

Q.31 निम्नलिखित प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर-कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं हो, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

Number/symbol	9	6	+	@	8	&	3	*	%	5	$	4	7
Code	W	C	E	J	F	A	D	Q	G	P	R	B	U

संदर्भ:
Number/Symbol = संख्या/प्रतीक
Code = कूट

शर्तें:
(I) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूटों को आपस में बदला जाना है।
(II) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
(III) यदि दूसरा और तीसरा अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

843% को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ 1. GBDF
✘ 2. FBDG
✘ 3. BDGF
✘ 4. FDBG

Q.32 केंद्र सरकार द्वारा स्थापित कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26 तक कितनी धनराशि संवितरित की जाएगी?

Ans
✘ 1. ₹2 लाख करोड़
✔ 2. ₹1 लाख करोड़
✘ 3. ₹5 लाख करोड़
✘ 4. ₹10 लाख करोड़

Q.33 'तोपखाना (Top-khanah)' निम्नलिखित में से किसकी सैन्य/तोपखाना शाखा को दिया गया सामान्य नाम था?

Ans
✔ 1. मुगल राजवंश
✘ 2. विजयनगर साम्राज्य
✘ 3. गुरीद राजवंश
✘ 4. दिल्ली सल्तनत

Q.34 डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (DFCCIL) की स्थापना, निम्नलिखित में से किस अधिनियम के तहत एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) के रूप में की गई थी?

Ans
✗ 1. कंपनी अधिनियम, 2013
✓ 2. कंपनी अधिनियम, 1956
✗ 3. अवसंरचना विकास अधिनियम, 2002
✗ 4. भारतीय रेल अधिनियम, 1989

Q.35 एक व्यक्ति की आय में प्रतिवर्ष 15% की वृद्धि होती है। यदि प्रारंभिक आय ₹70,000 है, तो 2 वर्ष बाद की आय की गणना कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹91,875
✗ 2. ₹91,575
✓ 3. ₹92,575
✗ 4. ₹92,175

Q.36 कंप्यूटर सिस्टम में इनपुट और आउटपुट डिवाइस के बीच मौलिक अंतर का सही ढंग वर्णन किस विकल्प में किया गया है?

Ans
✗ 1. इनपुट डिवाइस मेमोरी से पूर्व-लोड किए गए निर्देशों को चलाते हैं, जबकि आउटपुट डिवाइस पर्यावरणीय डेटा एकत्र करते हैं।
✓ 2. इनपुट डिवाइस उपयोगकर्ताओं को सिस्टम में डेटा भेजने में सक्षम बनाती हैं, जबकि आउटपुट डिवाइस संसाधित जानकारी को उपयोगकर्ता तक वापस संचारित करती हैं।
✗ 3. इनपुट डिवाइस उपयोगकर्ता इनपुट को डिजिटल प्रारूप में बदल देते हैं, जबकि आउटपुट डिवाइस सिस्टम डेटा को स्थायी रूप से सहेज लेते हैं।
✗ 4. इनपुट डिवाइस सीधे सीपीयू के साथ इंटरैक्ट करते हैं, जबकि आउटपुट डिवाइस सीपीयू (CPU) की भागीदारी के बिना स्वतंत्र रूप से काम करते हैं।

Q.37 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

EFR7, HIU12, KLX17, NOA22, ?

Ans
✓ 1. QRD27
✗ 2. PRD27
✗ 3. QRI27
✗ 4. QOD27

Q.38 ₹2,200 पर 7% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹408
✗ 2. ₹258
✓ 3. ₹308
✗ 4. ₹358

Q.39 कुणाल को ₹3,300 क्रय मूल्य वाले पैंट पर कितना मूल्य अंकित करना चाहिए, ताकि 25% और 30% की क्रमिक छूट देने के बाद भी उसे 33% का लाभ प्राप्त हो?

Ans
✗ 1. ₹8,256
✗ 2. ₹8,310
✗ 3. ₹8,290
✓ 4. ₹8,360

Q.40 औपनिवेशिक शासन के दौरान शिक्षा आम जनता के लिए काफी हद तक अप्राप्य थी। 1947 के आसपास भारत की साक्षरता दर कितनी थी?

Ans
✗ 1. लगभग 50%
✓ 2. 20% से कम
✗ 3. 90% के करीब
✗ 4. 75% से अधिक

Q.41 जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) का महानिदेशक नियुक्त किया गया?

Ans
✗ 1. बहादुर सिंह सागू
✗ 2. भुवनेश कुमार
✓ 3. फैज अहमद किदवई
✗ 4. डॉ. वी नारायणन

Q.42 एक व्यक्ति 3.5 घंटे तक 77 km/hr की चाल से गाड़ी चलाता है, फिर अपनी चाल 9 km/hr बढ़ा देता है, और एक घंटे में गंतव्य तक पहुंच जाता है। पूरी यात्रा के दौरान उस व्यक्ति की औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 82
✗ 2. 77
✓ 3. 79
✗ 4. 75

Q.43 $12 + 3\sqrt{4}$ और $16 - 4\sqrt{4}$ का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 12
✗ 2. 7
✗ 3. 19
✗ 4. 22

Q.44 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, संन्यासी विद्रोह के तात्कालिक कारण माने जाने को संदर्भित करता है?

Ans
✗ 1. छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 का कार्यान्वयन
✗ 2. मद्रास क्षेत्र पर अंग्रेजों का कब्ज़ा और उनके नए भूमि कानून और जमींदारों के अत्याचार
✓ 3. हिंदुओं और मुसलमानों दोनों के बीच पवित्र स्थानों पर जाने वाले तीर्थयात्रियों पर अंग्रेजों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध
✗ 4. भारतीय राष्ट्रवाद के बारे में व्यापक दृष्टिकोण का विकास

Q.45 भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की किसी राज्य के लेखों से संबंधित रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसे सौंपी जाएगी?

Ans
✓ 1. संबंधित राज्य के राज्यपाल
✗ 2. संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री
✗ 3. भारत के राष्ट्रपति
✗ 4. भारत के प्रधानमंत्री

Q.46 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. YT – RN
✗ 2. OJ – HC
✗ 3. NI – GB
✗ 4. KF – DY

Q.47 यदि $x^2 + y^2 - 16x + 38y + 425 = 0$, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 422
✗ 2. 428
✓ 3. 425
✗ 4. 432

Q.48 किस अनुसूची और अनुच्छेद में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नाम और उनकी सीमा का उल्लेख है?

Ans
✔ 1. पहली अनुसूची – अनुच्छेद 1 और 4
✘ 2. चौथी अनुसूची – अनुच्छेद 80
✘ 3. पहली अनुसूची – अनुच्छेद 1 और 2
✘ 4. दूसरी अनुसूची – अनुच्छेद 5

Q.49 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर DIOR का संबंध एक निश्चित तरीके से MQXZ से है। उसी प्रकार, NOYX का संबंध WWHF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OMZV का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
✘ 1. XUDI
✔ 2. XUID
✘ 3. XERT
✘ 4. XUIO

Q.50 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 7 13 24 42 ? 107

Ans
✘ 1. 68
✘ 2. 67
✔ 3. 69
✘ 4. 66

Q.51 नीचे दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए। [उत्तर को दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

आयु वर्षों में	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80
मरीजों की संख्या	29	35	25	10	18	34	17

Ans
✔ 1. 23.75
✘ 2. 39.44
✘ 3. 6.56
✘ 4. 22.58

Q.52 औपनिवेशिक शासन के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता के लिए काफी हद तक अप्राप्य थीं। स्वतंत्रता के समय भारत की अनुमानित जीवन प्रत्याशा क्या थी?

Ans
✘ 1. 42-45 वर्ष
✔ 2. 30-32 वर्ष
✘ 3. 60-65 वर्ष
✘ 4. 55-60 वर्ष

Q.53 चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल 324 cm^2 है। शीर्ष B और D से विकर्ण AC पर डाले गए लंबों की लंबाई क्रमशः 12 cm और 15 cm है। विकर्ण AC की लंबाई (cm में) निर्धारित करें।

Ans
✘ 1. 27
✘ 2. 19
✘ 3. 28
✔ 4. 24

Q.54 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
223, 174, 132, 97, 69, ?

Ans
✔ 1. 48
✘ 2. 64
✘ 3. 53
✘ 4. 59

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, YRUO का संबंध एक निश्चित तरीके से QJMG से है। उसी प्रकार, SLOI का संबंध KDGA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UNQK का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
✔ 1. MFIC
✘ 2. MFCI
✘ 3. MIFC
✘ 4. MIOP

Q.56 F, G, H, K, L और M एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल तक, जिसका क्रमांक 6 है। K सबसे ऊपरी मंजिल पर रहता है। K और G के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। F, G से नीचे की किसी मंजिल पर रहता है। L सम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है। H विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है लेकिन मंजिल संख्या 5 पर नहीं रहता है।
M और G के बीच कितने लोग रहते हैं?

Ans
✘ 1. एक
✘ 2. चार
✔ 3. दो
✘ 4. तीन

Q.57 भारतीय संविधान की छठी अनुसूची किस क्षेत्र के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है?

Ans
✘ 1. मध्य भारत
✘ 2. पश्चिमी घाट
✘ 3. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
✔ 4. पूर्वोत्तर भारत

Q.58 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कोड और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कोड का उपयोग करके कोडित किया जाता है। दिए गए कोड और शर्तों का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए निम्न तालिका में दर्शाए अनुसार कोड का उपयोग किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक	1	8	6	7	4	#	2	@	&
कोड	Y	A	L	B	S	D	E	Z	C

शर्तें:
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कोड आपस में बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव दोनों पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कोड के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कोड क्या होगा?

6 @ 2

Ans
✘ 1. DZLE
✘ 2. EZLD
✘ 3. ELDZ
✔ 4. ELZD

Q.59 विंडोज़ ओएस में निम्नलिखित पावरशेल (PowerShell) कमांड क्या करेगा?

Command: Remove-Item C:\Logs -Recurse -Force

Ans
✗ 1. C:\Logs फ़ोल्डर को रीसायकल बिन (Recycle Bin) में मूव कर देगा
✓ 2. C:\Logs के अंदर फोल्डर सहित सभी फ़ाइलें और सबफ़ोल्डर डिलीट कर देगा
✗ 3. C:\Logs के अंतर्गत केवल खाली फ़ोल्डरों को डिलीट करेगा
✗ 4. केवल फ़ाइलें डिलीट करेगा, फ़ोल्डरों को वैसे ही रहने देगा

Q.60 सात बॉक्स D, E, F, G, I, J और K एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। E और D के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। E के ऊपर केवल F को रखा गया है। J और K के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G को I के ठीक ऊपर रखा गया है। K को G के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। कौन-सा बॉक्स ऊपर से चौथे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✓ 1. G
✗ 2. F
✗ 3. D
✗ 4. K

Q.61 एक टैंक को पानी से भरने के लिए दो पंप हैं। पहला पंप खाली टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, जबकि दूसरा पंप टैंक को 8 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पंपों को एक ही समय पर खोला जाए और 2 घंटे तक खुला रखा जाए, तो टैंक का कितना हिस्सा भर जाएगा?

Ans
✗ 1. $\frac{9}{12}$
✗ 2. $\frac{9}{10}$
✗ 3. $\frac{7}{10}$
✓ 4. $\frac{7}{12}$

Q.62 यदि P, 4 और 3 का चतुर्थानुपाती 6 है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 5
✗ 2. 3
✓ 3. 2
✗ 4. 4

Q.63 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के दो सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
PBW : RDV
NDS : PFR

Ans
✗ 1. PWR : RZQ
✗ 2. UIK : WKL
✓ 3. LSO : NUN
✗ 4. JMM : LON

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, अपरकेस अक्षर 'B' के ASCII मान को निरूपित करने के लिए उपयोग की जाती है?

Ans
✗ 1. 97
✗ 2. 90
✓ 3. 66
✗ 4. 65

Q.65 अभ्यास डेजर्ट हंट 2025 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह अभ्यास भारतीय वायु सेना द्वारा सियाचिन ग्लेशियर के पास एक वायु सेना स्टेशन पर आयोजित किया गया था।
2. इसमें भारतीय थल सेना के पैरा (विशेष बल), भारतीय नौसेना के मार्कोस (MARCOS) और भारतीय वायु सेना के गरुड़ कमांडो शामिल थे।
3. इसका प्रमुख उद्देश्य उच्च ऊंचाई वाले पर्वतीय युद्ध में संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाना था।
4. इस अभ्यास में कॉम्बैट फ्री फॉल (combat free fall) और बंधक बचाव अभियान शामिल थे।

Ans
✗ 1. केवल 1, 2 और 3
✓ 2. केवल 2 और 4
✗ 3. केवल 3 और 4
✗ 4. केवल 2

Q.66 भारत का कौन-सा क्षेत्र भौतिक बाधाओं और सीमित अभिगम्यता के कारण न्यूनतम जनसंख्या वाला क्षेत्र है?

Ans
✗ 1. पूर्वी राजस्थान
✗ 2. गंगा बेसिन
✓ 3. उत्तरी हिमालय (लद्दाख क्षेत्र)
✗ 4. तटीय आंध्र प्रदेश

Q.67 निम्नलिखित में से कौन-सा भूआकृतिक क्षेत्र, नर्मदा नदी के उत्तर में स्थित है?

Ans
✗ 1. दक्कन का पठार
✗ 2. तेलंगाना का पठार
✓ 3. मालवा का पठार
✗ 4. कर्नाटक का पठार

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. UYX
✓ 2. PRS
✗ 3. TXW
✗ 4. IML

Q.69 ₹344/m की दर से कपड़ा बेचने पर एक दुकानदार को 57% की हानि होती है। 71% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे कपड़ा किस दर (₹/m में) पर बेचना चाहिए?

Ans
✓ 1. 1,368
✗ 2. 1,365
✗ 3. 1,366
✗ 4. 1,367

Q.70 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएं) € & % 6 2 1 € 9 4 5 @ £ $ 4 5 4 & & # 7 £ 7 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 5
✓ 2. 2
✗ 3. 4
✗ 4. 3

Q.71 पांच ठोस घन, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 5,92,704 cm^3 है, को एक दूसरे से जोड़कर एक घनाभ बनाया गया है। घनाभ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 84,672
✘ 2. 84,898
✘ 3. 84,863
✘ 4. 84,774

Q.72 भूमि संसाधन विभाग के अनुसार, मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार भारत में कितने गांवों ने भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण पूरा कर लिया है?

Ans
✘ 1. 5.5 लाख
✘ 2. 6 लाख
✔ 3. 6.25 लाख
✘ 4. 7.5 लाख

Q.73 $\cos 42^\circ.\cos 18^\circ - \sin 42^\circ.\sin 18^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 1
✘ 2. $\frac{1}{4}$
✔ 3. $\frac{1}{2}$
✘ 4. $\frac{1}{3}$

Q.74 इस प्रश्न में, संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। कूटों का सही संयोजन (केवल लागू होने वाली शर्त/शर्तों का पालन करते हुए) आपका उत्तर है।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

Number/symbol	@	2	9	5	$	&	3	%	#	7	+	4	8	6
Code	A	C	D	J	F	E	W	Q	G	P	R	B	U	S

संदर्भ:
Number/symbol - संख्या/प्रतीक
Code - कूट

शर्तें:
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कूटों को आपस में बदल दिया जाना चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

@9#7 को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✘ 1. PGDA
✘ 2. ADGP
✔ 3. PDGA
✘ 4. GPDA

Q.75 पिथौरा कलाकृतियां मुख्यतः कौन चित्रित करता है?

Ans
✘ 1. कुम्हार
✘ 2. चरवाहे
✔ 3. लखेरा
✘ 4. किसान

Q.76 X, Y के व्युत्क्रमानुपाती है और Y, Z के व्युत्क्रमानुपाती है। किसी विशेष स्थिति में, $X = \frac{1}{2}$ और $Z = \frac{1}{74}$ है। Z = 7 होने पर X का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 260
- ✗ 2. 262
- ✗ 3. 257
- ✓ 4. 259

Q.77 सात डिब्बे, G, H, I, J, O, P और Q, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। I और P के बीच में केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। Q के ऊपर केवल O रखा गया है। P के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। J को H के नीचे किसी स्थान पर लेकिन G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। G के ऊपर तीसरा डिब्बा कौन-सा रखा गया है?

Ans
- ✗ 1. J
- ✗ 2. O
- ✓ 3. H
- ✗ 4. Q

Q.78 आकाश ने एक वस्तु को 17% की हानि पर बेचा। यदि उसने वस्तु को 5% कम में खरीदा होता और ₹310 अधिक में बेचा होता, तो उसे 20% का लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 1,000
- ✗ 2. 674
- ✗ 3. 785
- ✗ 4. 1,215

Q.79 4 कुर्सियों और 4 मेजों की कीमत ₹7,000 है तथा 6 कुर्सियों और 5 मेजों की कीमत ₹8,800 है। 16 कुर्सियों और 2 मेजों की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹4,195
- ✗ 2. ₹4,197
- ✗ 3. ₹4,198
- ✓ 4. ₹4,200

Q.80 एक परिदृश्य पर विचार करें जहां एक उपयोगकर्ता वर्चुअल रियलिटी (VR) परिवेश के साथ इंटरैक्ट कर रहा है। निम्नलिखित में से कौन-सा इनपुट डिवाइस इस इमर्सिव परिवेश के भीतर नेविगेशन और इंटरैक्शन का प्राथमिक साधन होने की सबसे कम संभावना है?

Ans
- ✓ 1. कंप्यूटर से जुड़ा ऑप्टिकल माउस
- ✗ 2. स्पर्शनीय प्रतिक्रिया प्रदान करने वाले हैप्टिक दस्ताने
- ✗ 3. स्थिति ट्रैकिंग वाले हैंडहेल्ड नियंत्रक
- ✗ 4. एकीकृत गति ट्रैकिंग के साथ हेड-माउंटेड डिस्प्ले

Q.81 अनीश बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। वह फिर दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 6 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 2. 3 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 3. 5 km, पूर्व की ओर
- ✓ 4. 6 km, पूर्व की ओर

Q.82 2024 में, भारत ने अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। यह दिन किस घटना की याद में मनाया जाता है?

Ans
✗ 1. भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन का प्रक्षेपण
✗ 2. भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट का प्रक्षेपण
✗ 3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना
✓ 4. चंद्रयान-3 का चंद्रमा पर सफल उतरना

Q.83 फरवरी 2025 में, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा 'CA इन पब्लिक सर्विस' पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

Ans
✗ 1. अजय भूषण पांडे
✗ 2. सुशील कुमार मोदी
✓ 3. दीपक कुमार केडिया
✗ 4. टी.वी. नरेंद्रन

Q.84 44, 86 और एक अन्य संख्या x का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 7568 है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 145
✗ 2. 101
✗ 3. 165
✓ 4. 176

Q.85 मार्च 2025 में, भारत द्वारा किस देश से आयातित पाँच उत्पादों पर एंटी-डंपिंग शुल्क (anti-dumping duty) लागू किया गया?

Ans
✓ 1. चीन
✗ 2. बांग्लादेश
✗ 3. संयुक्त राज्य अमेरिका
✗ 4. जापान

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा स्तूप उस स्थान को चिह्नित करता है जहाँ बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था?

Ans
✗ 1. सांची स्तूप
✗ 2. महाबोधि स्तूप
✓ 3. धमेक स्तूप
✗ 4. अमरावती स्तूप

Q.87 निम्नलिखित में से किसने 1606 में उत्तरी कोरोमंडल तट पर पेटापुली में अपना कारखाना स्थापित किया था?

Ans
✓ 1. डच ईस्ट इंडिया कंपनी
✗ 2. जर्मन ईस्ट इंडिया कंपनी
✗ 3. स्पेनिश ईस्ट इंडिया कंपनी
✗ 4. डेनिश ईस्ट इंडिया कंपनी

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

: XTR :: LHF : %

Ans
✗ 1. # = UZX, % = FBZ
✗ 2. # = DTX, % = FBZ
✗ 3. # = DZX, % = FBO
✓ 4. # = DZX, % = FBZ

Q.89 निम्नलिखित में से किसका विमीय सूत्र $[M^0 L^0 T^{-2}]$ है?

Ans
✗ 1. विकृति
✓ 2. कोणीय त्वरण
✗ 3. कोणीय वेग
✗ 4. आवृत्ति

Q.90 भारत में थार रेगिस्तान का अनुमानित क्षेत्रफल कितना है?

Ans
✗ 1. 1,50,000 km²
✗ 2. 1,00,000 km²
✓ 3. 1,70,000 km²
✗ 4. 2,00,000 km²

Q.91 एक सम बहुभुज के लिए, अंतः कोणों का योगफल उसके बाह्य कोणों के योगफल से 200% अधिक है। बहुभुज के प्रत्येक अंतः कोण की माप x° है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 155
✗ 2. 125
✗ 3. 145
✓ 4. 135

Q.92 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 853 628 981 217 132 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✗ 1. 11
✓ 2. 9
✗ 3. 13
✗ 4. 7

Q.93 उपयुक्त सर्वसमिका का उपयोग करके 10.1^3 को सरल कीजिए।

Ans
✓ 1. 1030.301
✗ 2. 1030.3001
✗ 3. 1003.301
✗ 4. 1030.323

Q.94 $\frac{1}{20}, \frac{1}{40}$ का कितना प्रतिशत है?

Ans
✓ 1. 200%
✗ 2. 210%
✗ 3. 215%
✗ 4. 400%

Q.95 दिल्ली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कितने कार्यालय हैं?

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 4
✗ 3. 2
✓ 4. 3

Q.96 संविधान में नागरिकता संबंधी प्रावधान कब लागू किए गए?

Ans
✗ 1. 19 जुलाई, 1949
✗ 2. 26 जनवरी, 1950
✗ 3. 15 अगस्त, 1947
✓ 4. 26 नवम्बर, 1949

Q.97 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

46, 19, 87, 72, 80, 91, 82, 15, 53, 86, 26

Ans
✗ 1. 73
✗ 2. 71.5
✓ 3. 72
✗ 4. 72.5

Q.98 संस्मरण या आत्मकथा हेतु 2025 का पुलित्ज़र पुरस्कार निम्नलिखित में से किसे प्रदान किया गया?

Ans
✗ 1. *प्रिंस हैरी द्वारा 'स्पेयर' (Spare by Prince Harry)*
✗ 2. *हुआ हसू द्वारा 'स्टे ट्रु' (Stay True by Hua Hsu)*
✓ 3. टेसा हुल्स द्वारा लिखित 'फीडिंग घोस्ट्स' (Feeding Ghosts by Tessa Hulls)
✗ 4. *कीज़ लेमन द्वारा 'हैवी' (Heavy by Kiese Laymon)*

Q.99 B, A की माता है। C, A के पिता D की बहन है। E, C का भाई है। B का E से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. माता
✗ 2. बहन
✗ 3. पत्नी
✓ 4. भाई की पत्नी

Q.100 2025 में प्रथम महिला हॉकी इंडिया लीग की मेजबानी, निम्नलिखित में से किस शहर में की गई?

Ans
✓ 1. रांची
✗ 2. मुंबई
✗ 3. बेंगलुरु
✗ 4. चेन्नई